अनुस्मारक(4)/सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या-13/2017-13(6)/2017/का-1-2017

प्रेषक,

दीपक त्रिवेदी,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 18 अक्टूबर, 2017

विषय :- राज्याधीन सेवाओं में सृजित/उपलब्ध पदों में से पदोन्नति के माध्यम से भर्ती हेतु उपलब्ध रिक्तियों का भरा जाना ।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्य सचिव के पत्र संख्या-7/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 03 अगस्त, 2017, पत्र संख्या-8/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 08 सितम्बर, 2017, पत्र संख्या-10/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 26 सितम्बर, 2017 एवं अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्या-12/2017-13(6)/2017/का-1-2017, दिनांक 16 अक्टूबर, 2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त सन्दर्भित शासनादेशों द्वारा राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों द्वारा अपने प्रशासकीय/अधिष्ठानीय नियंत्रणाधीन कार्मिकों के सम्बन्ध में चयन वर्ष 2017-2018 में पदोन्नति के माध्यम से भरी जाने वाली समस्त रिक्तियों का आगणन कर, दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 तक पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण कराकर संलग्न प्रारूप पर पूरे विभाग की समेकित सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है । अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने विभाग से सम्बन्धित उक्तानुसार कार्यवाही करके वांछित सम्पूर्ण सूचना एवं प्रमाण पत्र कि कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, दिनांक 31 अक्टूबर, 2017 तक कार्मिक अनुभाग-1 को उपलब्ध करा दें । यदि वांछित सूचना समय से उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो दिनांक 02 नवम्बर, 2017 को अपराह्न 1.30 बजे लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित प्रथम तल पर मुख्य सचिव की बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें ।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

**दीपक त्रिवेदी**

अपर मुख्य सचिव ।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

**संलग्नक**

## प्रारूप

चयन वर्ष 2017-2018 हेतु आगणित रिक्तियों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु संस्तुत/पदोन्नत किये गये कार्मिकों का संक्षिप्त विवरण।

---

| समूह | चयन वर्ष 2017-2018 हेतु आगणित रिक्तियों की संख्या | पदोन्नति हेतु संस्तुत कार्मिकों की संख्या | पदोन्नति प्रदान किये जा चुके कार्मिकों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| क | | | | |
| ख | | | | |
| ग | | | | |
| घ | | | | |
| योग- | | | | |

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।